भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1393**
दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**ओडिशा में जल जीवन मिशन**

**1393. श्री प्रदीप पुरोहितः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) की शुरुआत से इसके अंतर्गत ही बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों सहित ओडिशा में निधि स्वीकृत की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या जेजेएम के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का उक्त जिलों और समग्र रूप से ओडिशा में पूर्ण उपयोग किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में जेजेएम के अंतर्गत ब्लॉकवार कुल कितने नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं; और
(घ) क्या सरकार ने जेजेएम के अंतर्गत इन जिलों में शत-प्रतिशत नल जल कनेक्शन प्राप्त करने के लिए कोई विशिष्ट समय-सीमा या अतिरिक्त निधि आबंटित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) और (ख): अगस्त 2019 से, भारत सरकार देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए ओडिशा सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम) लागू कर रही है। 'पेयजल' राज्य का विषय है और इसलिए, जल जीवन मिशन के तहत आने वाली योजनाओं सहित पेयजल आपूर्ति योजनाओं की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव का उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की मदद करती है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत निधियां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सीधे जारी की जाती हैं और भारत सरकार के स्तर पर उनके जिला-वार निधि ब्यौरे नहीं रखे जाते हैं। पिछले पांच वर्षों (2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24) और चालू वित्त वर्ष 2024-25

(10.02.2025 तक) के दौरान निधि आवंटन, आहरित निधि और ओडिशा राज्य द्वारा संसूचित निधि उपयोग का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| वर्ष | केंद्रीय | | | | | राज्य अंश के अंतर्गत व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अथ शेष | आवंटन | आहरित निधि | उपलब्ध निधि | संसूचित उपयोग | |
| 2019-20 | 0.78 | 364.74 | 364.74 | 365.52 | 260.46 | 237.40 |
| 2020-21 | 105.07 | 812.15 | 609.11 | 714.18 | 686.41 | 671.03 |
| 2021-22 | 27.77 | 3,323.42 | 2,492.56 | 2,520.33 | 1,305.79 | 1,289.31 |
| 2022-23 | 1,214.54 | 3,608.62 | 1,768.73 | 2,983.27 | 2,166.00 | 2,149.50 |
| 2023-24 | 817.27 | 2,108.54 | 2,108.54 | 2,925.81 | 2,441.58 | 2,428.36 |
| 2024-25* | 484.23 | 2,455.94 | 368.39 | 852.62 | 531.31 | 526.66 |

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस *10.02.2025 की स्थिति के अनुसार

(ग): ओडिशा राज्य द्वारा जेजेएम-आईएमआईएस पर सूचित किए गए अनुसार, बारगढ़ जिले में 15.08.2019 तक, केवल 7,800 ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, जिले में लगभग 2.47 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 10.02.2025 तक, जिले के 3.41 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 2.55 लाख (74.83%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

इसी तरह, ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में, 15.08.2019 तक, केवल 697 ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। तब से, जिले में 81,469 और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 10.02.2025 तक, जिले के 94,699 ग्रामीण परिवारों में से 82,166 (86.77%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

ओडिशा में बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन की ब्लॉक-वार स्थिति अनुबंध में दी गई है।

(घ): केन्द्रीय बजट 2025 में, माननीय वित्त मंत्री ने संवर्धित वित्तीय परिव्यय के साथ मिशन को 2028 तक बढ़ाने की घोषणा की है। ओडिशा राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, राज्य में मार्च 2027 तक बारगढ़ और झारसुगुड़ा सहित सभी जिलों में नल जल कनेक्शन के साथ ग्रामीण परिवारों का 100% कवरेज हासिल कर लिया जाएगा।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1393 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

1. बारगढ़ जिला

| **क्र.सं.** | **ब्लॉक** | **कुल ग्रामीण परिवार** | **15.08.2019 तक नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार** | | **10.02.2025 तक नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **संख्या** | **%** | **संख्या** | **%** |
| 1 | अंभाना | 15,716 | 350 | 2.23 | 7,570 | 48.17 |
| 2 | अट्टाबिरा | 32,943 | 363 | 1.10 | 28,358 | 86.08 |
| 3 | बारगढ़ | 39,039 | 1,125 | 2.88 | 35,203 | 90.17 |
| 4 | बरपाली | 29,590 | 337 | 1.14 | 25,408 | 85.87 |
| 5 | भाटली | 23,566 | 1,420 | 6.03 | 6,814 | 28.92 |
| 6 | भेडेन | 32,037 | 412 | 1.29 | 30,324 | 94.65 |
| 7 | बिजेपुर | 25,769 | 917 | 3.56 | 21,731 | 84.33 |
| 8 | गैसिलेट | 25,070 | 533 | 2.13 | 21,984 | 87.69 |
| 9 | झारबंध | 20,265 | 247 | 1.22 | 15,493 | 76.45 |
| 10 | पदमपुर | 30,648 | 502 | 0.78 | 26,301 | 85.82 |
| 11 | पैकमल | 30,505 | 239 | 1.65 | 24,586 | 80.60 |
| 12 | सोहेला | 35,714 | 1355 | 3.79 | 11,295 | 31.63 |
| **कुल** | | **3,40,862** | **7,800** | **2.29** | **2,55,067** | **74.83** |

2. झारसुगुड़ा जिला

| **क्र.सं.** | **ब्लॉक** | **कुल ग्रामीण परिवार** | **15.08.2019 तक नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार** | | **10.02.2025 तक नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **संख्या** | **%** | **संख्या** | **%** |
| 1 | झारसुगुड़ा | 19,598 | 2 | 0.01 | 15,676 | 79.99 |
| 2 | किरमिरा | 11,914 | 102 | 0.85 | 9,541 | 80.08 |
| 3 | कोलाबीरा | 13,197 | 0 | 0.00 | 11,805 | 89.45 |
| 4 | लाइकेरा | 14,078 | 10 | 0.07 | 11,952 | 84.9 |
| 5 | लखनपुर | 35,912 | 583 | 1.62 | 33,192 | 92.43 |
| **कुल** | | **94,699** | **697** | **0.74** | **82,166** | **86.77** |

स्रोत: जेजेएम आईएमआईएस (प्रारूप जे 36)